जल जीवन मिशन में 11 हज़ार करोड़ रुपए से अधिक की पुनरीक्षित योजनाएँ मंज़ूर

चर्चा में क्यों?

21 जुलाई, 2022 को मध्य प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जल जीवन मिशन में 11 हज़ार 100 करोड़ 72 लाख रुपए की पुनरीक्षित 25 समूह जलप्रदाय योजनाओं को मंज़ूरी दी।

प्रमुख बिंदु

- मध्य प्रदेश जल निगम इन जलप्रदाय योजनाओं के निर्माण का कार्य प्रारंभ कर रहा है। इन योजनाओं से भोपाल, उज्जैन, जबलपुर, इंदौर, नर्मदापुरम, सागर और ग्वालियर संभाग के 18 ज़िलों की ग्रामीण आबादी को हर घर नल कनेक्शन से जल उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की जाएगी।
- मिशन की जलप्रदाय योजनाओं से 6 हज़ार 261 ग्रामों के 9 लाख 34 हज़ार से अधिक परिवारों को पेयजल की सुविधा मुहैया होगी।
- ये योजनाएँ भोपाल, विदिशा, रायसेन, उज्जैन, मंदसौर, नीमच, रतलाम, छिंदवाड़ा, मंडला, खरगौन, खंडवा, बैतूल, सागर, दमोह, टीकमगढ़, छतरपुर, दतिया और शिवपुरी ज़िले की 71 लाख से अधिक ग्रामीण आबादी की पेयजल की ज़रूरत को पूरा करेंगी।
- उल्लेखनीय है कि प्रदेश में जल जीवन मिशन में हो रहे कार्यों से अब तक 51 लाख 15 हज़ार से अधिक ग्रामीण परिवारों को उनके घर पर नल से जल उपलब्ध करवाया जा चुका है। करीब 5 हज़ार 300 गाँव ऐसे हैं, जिनमें प्रत्येक परिवार तक नल से जल की सुविधा दी जा चुकी है।
- मिशन में प्रदेश की ग्रामीण आबादी को उनके घर पर ही नल कनेक्शन से जल उपलब्ध करवाने के लिये जलप्रदाय योजनाओं के कार्य बृहद् स्तर पर चल रहे हैं। इनमें 8 हज़ार से अधिक गाँवों में 70 से 90 प्रतिशत और 16 हज़ार 300 गाँवों के कार्य 70 प्रतिशत तक पूर्णता की ओर हैं। इसी माह से 6 हज़ार से अधिक गाँवों की पेयजल व्यवस्था के कार्य प्रारंभ किये जा रहे हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/revised-schemes-in-jal-jeevan-mission